नोरा ने फेमिनिज़्म वाले बयान को लेकर दी सफाई
Page 6



नवभारत टाइम्स NBT
# Lucknow Times masalamix OF INDIA
I ADVERTORIAL ENTERTAINMENT PROMOTIONAL FEATURE
नवभारत टाइम्स, कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित), रविवार, 12 अप्रैल 2026



कोचाला फेस्टिवल में दी सबरीना ने परफॉर्मेंस
Page 6



# 'गदर' मचाने फिर लखनऊ आएंगे सनी देओल

सितंबर में शादी में जरूर आना-2 और अक्टूबर में गदर-3 की शूटिंग होगी

यश दीक्षित

लखनऊ में कई ऐक्टर्स शूटिंग की हैट्रिक लगा चुके हैं, अब इस कड़ी में एक और नाम जुड़ने वाला है। दरअसल, सनी देओल अपनी फिल्म गदर के तीसरे पार्ट की शूटिंग के लिए शहर आएंगे। अनिल शर्मा निर्देशित इस फिल्म की शूटिंग अक्टूबर में शुरू हो सकती है। वहीं, फिल्म शादी में जरूर आना का सीक्वल भी इसी साल सितंबर में शूट होने की तैयारी है। हाल ही में यशपाल शर्मा ने भी अपनी फिल्म आर्टिकल 25 का शेड्यूल पूरा किया है।

## फिर अहम भूमिका में होगा लखनऊ

सनी देओल की सुपरहिट फिल्म गदर का तीसरा पार्ट भी लखनऊ में शूट होगा। फिल्म की कहानी लिखी जा चुकी है और अब मेकर्स इसकी शूटिंग की तैयारी में लगे हुए हैं। मुंबई के एक सूत्र ने बताया कि मेकर्स फिल्म को अक्टूबर में लखनऊ में शूट कर सकते हैं। फिल्म के लिए डायरेक्टर अनिल शर्मा मीटिंग कर रहे हैं और कुछ समय बाद रेकी के लिए भी आ सकते हैं। सूत्र का यह भी कहना है कि पिछले दो पार्ट में लखनऊ का योगदान अहम रहा है, जिस वजह से इस बार भी शूटिंग के लिए लखनऊ की तमाम लोकेशंस को महत्वपूर्ण भूमिका में रखा जाएगा।

## शहर में एक और आइकॉनिक सीन शूट करेंगे ऐक्टर!

लखनऊ का ला-मार्टिनियर कॉलेज और पुराने लखनऊ का कुछ हिस्सा भी पिछले दोनों भाग में दर्शाया गया था। ऐसे में एक बार फिर लखनऊ को पाकिस्तान के रूप में तब्दील करके सीन फिल्माए जाएंगे। 'गदर 2' में लखनऊ में 70-80 प्रतिशत शूटिंग की गई थी। पहले पार्ट में हैंडपंप उखाड़ने वाला सीन और दूसरे पार्ट में तोप उखाड़ने वाला सीक्वेंस भी नवाबों और नजाकत के शहर में शूट हुआ था। ऐसे में फैंस एक बार फिर उम्मीद करेंगे कि सनी देओल इस शहर में एक और यादगार सीन शूट करके लखनऊवालों को खास तोहफा देंगे।

CONTINUED ON ▶ 3



## हिट फिल्म का सीक्वल भी लाइन में

पिछले कुछ समय से चर्चा है कि शादी में जरूर आना फिल्म का सीक्वल आ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि इस बार मुंज्या फेम ऐक्टर अभय वर्मा और फिल्म लापता लेडीज की ऐक्ट्रेस नितांशी गोयल लीड रोल में होंगी। फिल्म के प्रोड्यूसर विनोद बच्चन का कहना है कि इसकी शूटिंग भी पहले पार्ट की तरह लखनऊ में होने वाली है। सितंबर तक शहर में सीन फिल्माने के लिए सितारे आ सकते हैं। कहा जा रहा है कि इस बार भी निर्देशन की जिम्मेदारी रत्ना सिन्हा संभाल सकती हैं, जबकि स्टारकास्ट में बदलाव किया गया है। बता दें कि यह फिल्म 2017 में आई राजकुमार राव और कृति खरबंदा स्टारर फिल्म का सीक्वेल है, जिसमें लखनऊ को बेहतरीन ढंग से दिखाया गया था।






# जन नायकन लीक होने पर रजनीकांत, कमल हासन ख़फ़ा


दलपति विजय की फिल्म जन नायकन के कुछ सीन लीक होने पर साउथ सुपरस्टार्स ने कड़ी आपत्ति जताई है। इन सितारों में रजनीकांत, कमल हासन, सूर्या, चिरंजीवी, मोहन बाबू, समेत कई स्टार्स शामिल हैं। रजनीकांत ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, 'किसी ने जन नायकन फिल्म को इंटरनेट पर डाला है जिससे मुझे सदमा लगा है और तकलीफ हुई है। फिल्म एसोसिएशन को इसके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए और सरकार को जिम्मेदार लोगों की पहचान करके उन्हें कड़ी सजा देनी चाहिए। ऐसे अपराध भविष्य में नहीं होने देने चाहिए।'

वहीं कमल हासन ने लिखा, 'जन नायकन का लीक होना हादसा नहीं है, यह सिस्टम की नाकामी है। अगर सही प्रक्रिया समय पर पूरी हो गई होती, तो आज इस स्थिति में न होते। सर्टिफिकेशन में हुई देरी ने पायरेसी के लिए जमीन तैयार की। जब कानूनी तरीके से पहुंच रुक जाती है, तो गैर-कानूनी रास्ते खुले हो जाते हैं।'

> फिल्म एसोसिएशन को इसके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। सरकार को जिम्मेदार लोगों को कड़ी सजा देनी चाहिए।








# सुनहरी शुरुआत

अक्षय तृतीया स्पेशल

READER ENGAGEMENT INITIATIVE

## परफेक्ट शॉपिंग कर लाएं खुशियां

AI GENERATED IMAGES



**सोने की दुकानों से लेकर प्रॉपर्टी शोरूम तक रौनक देखने को मिल रही है और बायर्स शुभ घड़ी में जूलरी, घर, कार और लाइफस्टाइल से जुड़ी चीजों को अपग्रेड करने की पहल कर रहे हैं।**

Nishta.Kochar@timesofindia.com

अक्षय तृतीया के करीब आते ही लखनऊ के बाजारों में हलचल देखने को मिल रही है। शुभ समय का लाभ उठाने के लिए लोग परफेक्ट प्लानिंग कर रहे हैं। यह एक ऐसा पर्व है, जिसे लंबे समय से नए आरंभ और समृद्धि के नजरिए से सबसे शुभ दिन माना जाता है, अब केवल सोना खरीदने तक सीमित नहीं रह गया है। यह उपभोक्ता विश्वास और बाजार की मजबूती का एक अहम संकेतक बन चुका है।

जूलर्स, ऑटोमोबाइल डीलर्स, रियल एस्टेट डिवेलपर्स और होम डेकोर ब्रांड्स सभी इस समय बढ़ती पूछताछ, एडवांस बुकिंग और दुकानों में बढ़ती भीड़ को लेकर काफी उत्सुक नजर आ रहे हैं। अब उपभोक्ताओं के लिए अक्षय तृतीया केवल प्रतीकात्मक खरीदारी का दिन नहीं, बल्कि आकांक्षाओं, सुरक्षा और बेहतर जीवनशैली को दर्शाने वाले ठोस निवेश करने का अवसर बन गया है। इस साल यह रुझान और भी मजबूत नजर आ रहा है।

### जूलरी: पारंपरिक खरीद का मजबूत आधार

सोना आज भी अक्षय तृतीया की खरीदारी का भावनात्मक और वित्तीय केंद्र बना हुआ है, लेकिन खरीदारी के तरीके बदल रहे हैं। अब लोग छोटे टोकन खरीदने की बजाय भारी जूलरी, डिजाइनर पीस, डायमंड जड़े आभूषण और यहां तक कि डिजिटल गोल्ड में भी निवेश कर रहे हैं। हाल ही में सोने के दामों जिस तरह से उतार-चढ़ाव देखने को मिले हैं, उससे लोग इसे निवेश के तौर पर भी खरीदारी के लिए आगे बढ़ रहे हैं।



लखनऊ के जूलर्स मानते हैं कि ग्राहक अब सोने को केवल सजावट नहीं, बल्कि एक सुरक्षित निवेश और बाजार की अस्थिरता से बचाव के रूप में देख रहे हैं। एडवांस बुकिंग और एक्सचेंज स्कीम्स का भी खूब उपयोग हो रहा है। ग्राहकों का यह मानना है कि जरूरत के समय जूलरी से मनी फ्लो का फायदा सरलता से हो जाता है। साथ ही, जूलरी का होना इस बात का अहसास दिलाता है कि विपरीत परिस्थितियों के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है। जूलरी है ना।



### रियल एस्टेट: शुभ दिन, दीर्घकालिक निवेश

सबसे बड़ा बदलाव रियल एस्टेट सेक्टर में देखने को मिल रहा है। शहर के डिवेलपर्स के अनुसार, अक्षय तृतीया अब प्रॉपर्टी बुकिंग, एग्रीमेंट साइन करने और टोकन अमाउंट देने के लिए पसंदीदा दिन बन गया है।

कई खरीदार हफ्तों या महीनों से देखी जा रही प्रॉपर्टी को इसी दिन फाइनल करते हैं। परिवारों के लिए इस दिन पर खरीदना स्थिरता और पीढ़ीगत संपत्ति का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर डेवलपर्स विशेष ऑफर्स, कम चार्जेस, आसान भुगतान योजनाएं और इंटीरियर सुविधाएं भी दे रहे हैं, जिससे यह और आकर्षक बन जाता है।

### ऑटोमोबाइल: खुशहाली की सवारी घर तक

ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी तेजी साफ दिखाई दे रही है। टू-व्हीलर से लेकर प्रीमियम कारों तक, एडवांस बुकिंग में बढ़ोतरी हुई है। खासकर पहली बार वाहन खरीदने वाले ग्राहकों के लिए, अक्षय तृतीया पर गाड़ी खरीदना एक उपलब्धि और सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रतीक बन गया है। लोग इस दिन विशेष को शुभ से जोड़कर देखते हैं और यही कारण है कि इस दौरान खरीदारी का ग्राफ काफी बढ़ जाता है। इस रिस्पॉन्स से प्रेरित होकर डीलर्स भी इस मौके पर डिस्काउंट, एक्सटेंडेड वारंटी और फ्री एक्सेसरीज देकर ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं।

### होम डेकोर और फर्निशिंग: घर को संवारने में निवेश

इस साल एक खास ट्रेंड होम डेकोर और फर्निशिंग में देखने को मिल रहा है। जो लोग नए घर में शिफ्ट हुए हैं या शिफ्ट होने की योजना बना रहे हैं, वे इस दिन फर्नीचर, लाइटिंग, डेकोर आइटम्स और प्रीमियम फर्निशिंग में निवेश कर रहे हैं।

यह ट्रेंड दर्शाता है कि लोग केवल संपत्ति नहीं, बल्कि अपने रहने के अनुभव को भी बेहतर बनाना चाहते हैं।



### रिटेल और लाइफस्टाइल: जरूरत से आगे, अपग्रेड की ओर

रिटेल, इलेक्ट्रॉनिक्स, अप्लायंसेज और फैशन ब्रांड्स भी इस उत्सव का पूरा लाभ उठा रहे हैं। स्मार्ट टीवी, प्रीमियम स्मार्टफोन, किचन अप्लायंसेज और ब्रांडेड कपड़ों की मांग तेजी से बढ़ी है। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स भी इस दौरान सेल और ऑफर्स के जरिए डिजिटल खरीदारों को जोड़ रहे हैं।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि अक्षय तृतीया अब केवल परंपरा नहीं, बल्कि आधुनिक उपभोक्ता सोच का प्रतीक बन चुकी है। आज का खरीदार आस्था के साथ-साथ समझदारी से निवेश कर रहा है, चाहे वह सोना हो, घर, वाहन या जीवनशैली से जुड़ी वस्तुएं। ऐसे में यह कहना तर्कसंगत होगा कि यह पर्व अब सिर्फ खरीदारी नहीं, बल्कि स्मार्ट और सार्थक निवेश का उत्सव बन गया है।



# सुनहरी शुरुआत

अक्षय तृतीया स्पेशल

READER ENGAGEMENT INITIATIVE

AI GENERATED IMAGES

# अक्षय तृतीया को नया रूप दे रहे बदलते ट्रेंड्स



**पहले जहां अक्षय तृतीया पर भारी-भरकम गहनों की खरीदारी पर जोर होता था, वहीं अब सोना खरीदने के तरीके बदलते नजर आ रहे हैं। आज परंपरा के साथ आधुनिक निवेश सोच का मेल देखने को मिल रहा है, जो लोगों की बदलती जीवनशैली, पसंद और वित्तीय समझ को दर्शाता है।**

Ananya Nair
Response.UP@timesofindia.com

अक्षय तृतीया को आज भी बेहद शुभ माना जाता है, जो कभी न खत्म होने वाली समृद्धि का प्रतीक है। पीढ़ियों से इस दिन सोना खरीदना एक पवित्र परंपरा रही है, जिसे धन और समृद्धि बढ़ाने वाला माना जाता है। हालांकि विश्वास आज भी वही है, लेकिन इस परंपरा को निभाने का तरीका काफी बदल चुका है।

### भारी गहनों से स्मार्ट विकल्पों की ओर

पहले परिवार बड़े-बड़े हार, चूड़ियां और ब्राइडल सेट जैसे भारी गहनों में निवेश करते थे। लेकिन अब ग्राहकों की पसंद में बदलाव साफ दिख रहा है। लोग हल्के, मिनिमल और रोजमर्रा में पहने जा सकने वाले डिजाइन को प्राथमिकता दे रहे हैं। सोने की बढ़ती कीमतों ने भी इस बदलाव को बढ़ावा दिया है, जिससे लोग एक बार में बड़ी खरीदारी के बजाय छोटे और उपयोगी विकल्प चुन रहे हैं। साथ ही, कस्टमाइज्ड ज्वेलरी और पर्सनल स्टाइल को दर्शाने वाले डिजाइन भी तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं, जिससे हर खरीदारी एक अलग पहचान बना रही है।

### डिजिटल गोल्ड और ईटीएफ का बढ़ता चलन

डिजिटल युग ने सोना खरीदने के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है। अब लोग घर बैठे डिजिटल गोल्ड, गोल्ड ईटीएफ और सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेश कर सकते हैं। अक्षय तृतीया 2025 पर गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ की ट्रेडिंग में बड़ी बढ़ोतरी देखी गई, जो इस बात का संकेत है कि लोग अब पारंपरिक खरीदारी के साथ डिजिटल विकल्पों को भी अपना रहे हैं। युवा निवेशकों में यह चलन खासतौर पर तेजी से बढ़ रहा है, क्योंकि यह आसान, सुरक्षित और पारदर्शी निवेश का विकल्प प्रदान करता है।

### निवेश के रूप में सोने की बढ़ती भूमिका

हाल के वर्षों में सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब लोग सोने को सिर्फ गहनों के रूप में नहीं, बल्कि निवेश के तौर पर भी देखने लगे हैं। गहनों की भावनात्मक अहमियत बरकरार है, लेकिन अब गोल्ड कॉइन, बार और बुलियन की मांग बढ़ रही है। इनमें मेकिंग चार्ज कम होता है और रीसेल वैल्यू ज्यादा होती है, जिससे ये एक बेहतर निवेश विकल्प बनते हैं। इसके अलावा, कई लोग अपने पोर्टफोलियो को संतुलित करने के लिए सोने को एक सुरक्षित एसेट के रूप में शामिल कर रहे हैं, खासकर बाजार की अनिश्चितता के दौर में।

> **आज के खरीदार केवल आस्था से नहीं, बल्कि व्यवहारिकता, वित्तीय जागरूकता और बदलती जरूरतों से भी प्रभावित होते हैं। इसी बदलाव ने अक्षय तृतीया को केवल एक सांस्कृतिक पर्व से आगे बढ़ाकर भावनाओं और समझदारी भरे फैसलों का संगम बना दिया है।**

### कीमतों और बाजार का असर

हाल के वर्षों में सोने की कीमतों में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला है, जो कई बार रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच चुका है। लेकिन इससे खरीदारी पर रोक नहीं लगी, बल्कि लोगों के व्यवहार में बदलाव आया है। अब ग्राहक कम कैरेट के गहने, छोटे पीस या निवेश के विकल्प चुन रहे हैं। इसके साथ ही लोग ऑफर्स, डिस्काउंट और फेस्टिवल डील्स का भी इंतजार करते हैं, ताकि सही समय पर बेहतर खरीदारी की जा सके।




### बदलती सोच और नई पीढ़ी की भूमिका

नई पीढ़ी इस परंपरा को अपने तरीके से अपना रही है। ये केवल दिखावे के बजाय उपयोगिता और निवेश के संतुलन पर ध्यान दे रहे हैं। सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के प्रभाव से लोग पहले से ज्यादा जागरूक हुए हैं और खरीदारी से पहले रिसर्च करना पसंद करते हैं। यही वजह है कि अब अक्षय तृतीया पर की जाने वाली खरीदारी ज्यादा सोच-समझकर और योजनाबद्ध तरीके से होती है।

कुल मिलाकर, अक्षय तृतीया अब केवल परंपरा निभाने का दिन नहीं रहा, बल्कि यह स्मार्ट और सोच-समझकर निवेश करने का अवसर भी बन गया है, जहां आस्था और आधुनिकता का संतुलन साफ दिखाई देता है।



**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel

**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in